तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



10 अधिकारी कर्मचारियों को अच्छे कार्य करने किया...





12 स्वदेशी सामानों की बिक्री बढ़ी चायना आयटम का हुआ बायकाट









## खबर संक्षेप

### अंतर विद्यालयीन क्विज प्रतियोगिता 26 को

**जीजामगांव।** स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में इस वर्ष भी विद्यालयीन छात्रों की प्रतिभा निखारने के लिए अंतर विद्यालयीन क्विज प्रतियोगिता 26 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे रखी गई है। प्रतियोगिता पूरी तरह निःशुल्क है। इसमें अंचल के 9 हायर सेकेण्डरी स्कूल भाग लेंगे। क्विज प्रतियोगिता में सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, पर्यावरण, सामान्य ज्ञान छत्तीसगढ़, कम्प्यूटर एवं समसामयिक घटनाओं से संबंधित बहुविकल्प प्रश्न पूछे जायेंगे। यह प्रतियोगिता 3 राऊंड में होगी। प्राचार्य डॉ.चोवाराम यदु ने प्रतिभागियों से निर्धारित समयावधि में उपस्थित होने की अपील की है।

### पंचायत भृत्य कल्याण संघ की बैठक 27 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ धमतरी ब्लाक की बैठक 27 अक्टूबर रविवार को दोपहर 12 बजे मिशन ग्राउंड रत्नाबांधा धमतरी में रखी गई है। धमतरी ब्लाक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, उपाध्यक्ष राकेश साहू, सचिव पीताम्बर निर्मलकर, कोषाध्यक्ष तेजपाल देवांगन, केशकुमार ने ब्लाक के सभी पंचायत भृत्य से उपस्थित होने की अपील की है।

### गोंड समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 27 को

**धमतरी।** गोंडवाना गोंड महासभा द्वारा इस वर्ष भी युवक-युवती परिचय सम्मेलन वृंदावन हॉल आईडीबीआई बैंक के पास सिविल लाइन रायपुर में 27 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामविचार नेताम मंत्री अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्प संख्यक कल्याण एवं कृषि कल्याण विभाग होंगे। अध्यक्षता नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि शिशुपाल शोरी राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, खामसिंह मांझी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, लोकेंद्र सिंह राष्ट्रीय महासचिव गोंडवाना गोंड महासभा, श्रीमती कांति नाग राष्ट्रीय महासचिव गोंडवाना गोंड महासभा महिला प्रभाग, विकास मरकाम प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा छग होंगे। यह जानकारी महासचिव आरएन ध्रुव ने दी है।

धनवंतरी मेडिकल स्टोर में नए ग्राहकों की कमी, पुराने भी घट रहे

# तीन साल में नहीं सुधरी धनवंतरी की स्थिति


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खोली गई धनवंतरी मेडिकल स्टोर बदहाली के दौर से गुजर रहा है। दिन भर में यहा 25-30 ग्राहक ही आते हैं, वे रेगुलर ग्राहक हैं। सालों से यहां नए ग्राहकों का टोटा है। यही नहीं मोबाइल मेडिकल यूनिट को की जाने वाली दवा सप्लाई का पेमेंट लंबे समय से अटका हुआ है।

पूर्ववर्ती कांग्रेस के शासन काल में लोगों को सस्ती दवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में कई स्थानों पर धनंवतरी मेडिकल स्टोर खोले गए हैं। इन मेडिकल स्टोर में जेनरिक दवाएं 50 प्रतिशत से ज्यादा डिस्काउंट पर मिल जाती है। शुरूआती दौर में इस मेडिकल स्टोर में दवा लेने वालों की अच्छी संख्या थी, लेकिन अब धीरे धीरे ग्राहकों की संख्या कम होती जा रही है। इस मेडिकल स्टोर में अब सिर्फ पुराने ग्राहक ही आते हैं। वे भी आसपास के रहने वाले हैं। प्रचार प्रसार के अभाव में नए ग्राहक यहां नहीं आ रहे हैं। इससे मेडिकल स्टोर संचालक को नुकसान हो रहा है, साथ ही सस्ती दवा की सुविधा से लोग वंचित हो रहे हैं।

### सूडा से रूका पेमेंट

स्टोर संचालक दिनेश पंजवानी ने बताया कि शुरूआत में काम अच्छा था लेकिन अब यह फायदे वाला नहीं है। शहर में दो मोबाइल मेडिकल यूनिट है, जो वार्डों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच करती है और दवा वितरण करती है। इन दोनों यूनिटों को इसी मेडिकल स्टोर से दवा की सप्लाई होती है। दवाओं का पेमेंट सूडा से होता है। पहले समय पर पेमेंट आ जाता था लेकिन अब महीनों से पेमेंट नहीं मिला है।



### डाक्टर नहीं लिखते जेनरिक दवाएं

धनवंतरी मेडिकल स्टोर जेनरिक दवाएं बेचती है। सरकारी डॉक्टरों को स्पष्ट निर्देश है कि वे पर्ची में जेनरिक दवाएं लिखे, परंतु डॉक्टर जेनरिक दवाएं नहीं लिखते हैं, जिसके चलते भी धनवंतरी मेडिकल स्टोर का कांसेप्ट सफल नहीं हो पा रहा है। यही कारण है कि डॉक्टरों की लिखी पर्ची की सेम टू सेम दवा यहां नहीं मिलती है। कुछ मामलों में इस मेडिकल स्टोर में पर्ची में लिखी दवाओं का फार्मूले वाली जेनरिक दवाएं दी जाती हैं।

### खेल मैदान में मेडिकल स्टोर

धमतरी शहर में एक मेडिकल स्टोर बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में खोला गया है, जहां पर सिर्फ खिलाड़ी आते हैं। शहर के अधिकांश लोगों को पता नहीं है कि यहां पर सस्ती दवाईयां मिलती है। इस कारण मेडिकल स्टोर संचालक को नुकसान उठाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार मेडिकल स्टोर में लगभग सभी प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं। ये दवाएं स्टोर संचालक अपने खर्चे पर लाता है। मार्केट लोकेशन नहीं होने के कारण इस मेडिकल स्टोर का फायदा न तो लोगों को हो रहा है और न ही मेडिकल स्टोर संचालक को।

### सूर्योदय का मनोरम दृश्य...



**धमतरी।** सूर्योदय का खूबसूरत प्राकृतिक दृश्य। जिसे हरिभूमि के पाठक आर्यन सोनकर ने अपने कैमरे में कैद किया।

## आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 4 नवंबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के स्वाध्यायी विद्यार्थियों के प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। बीए प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 4 नवंबर से प्रारंभ होकर 9 नवंबर तक चलेगी। बी.कॉम.प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 5 नवंबर 8 नवंबर तक चलेगी। इस प्रकार बीएससी प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 5 नवंबर से 8 नवंबर तक चलेगी।

## सात हजार रुपए में कैसे होगा गुजारा

- लघु वनोपज फड़ मुंशियों ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के लघु वनोपज फड़ मुंशियों ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को गांधी चौक मैदान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर शहर में रैली निकाली एवं शासन के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

संघ के विनोद कुमार मरकाम, भागवत प्रसाद मानिकपुरी, रिखीराम नेताम, सरजूराम साहू, पुष्कर सोरी आदि ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण एवं अन्य कार्यों से जुड़े लघु वनोपज फड़ मुंशियों की मांगें काफी पुरानी हैं। काम के एवज में उन्हें मात्र 7 हजार रूपये दिया जाता है जो वर्तमान में बहुत कम है। उनकी मांगें हैं कि प्रतिवर्ष तेंदूपत्ता फड़ मुंशियों की नियुक्ति में फेरबदल बंद किया जाए। सरकार ने अपने संकल्प पत्र में तेंदूपत्ता फड़ मुंशियों को कमीशन के अतिरिक्त 25 हजार रूपये प्रतिवर्ष मानदेय देने की घोषणा की थी, उसे लागू की जाए। सरकार बनते ही मुख्यमंत्री, वन मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया लेकिन कार्रवाई नहीं हुई है। सभी सदस्यों ने शासन को उनकी मांगों को पूरा करने आग्रह किया है।



धरना प्रदर्शन के बाद शहर के सदर बाजार रोड में रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे। इस अवसर पर भुवन लाल, मुकेश निषाद, गोविंद राम, थानूराम, सोहन लाल, पोखराम, सुनील कुमार, धनसाय, चन्द्रप्रकाश, बिहारी मरकाम, अर्जुन यादव, सोनाराम नेताम, गिरवर यदु, देवनाथ शांडिल्य, ओमप्रकाश, बलराम पटेल, राधेश्याम ध्रुव, प्रभुलाल, संतराम, यशवंत वट्टी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मोबाइल नहीं मिलने पर छात्र ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- पिता से की थी मोबाइल दिलाने की जिद

नया मोबाइल नहीं मिलने से नाराज कक्षा 12वीं के छात्र ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार भुनेश्वर कोसरे पिता रामकुमार उम्र 16 वर्ष ग्राम तरौद थाना बालोद निवासी आत्मानंद स्कूल बालोद में कक्षा 12वीं की पढ़ाई कर रहा था। छात्र ने 23 अक्टूबर की रात्रि अपने पिता से मोबाइल की डिमांड की। पिता रामकुमार ने उसे समझाते हुए 2-4 दिन में मोबाइल दिलाने की बात कही। यह सुनकर छात्र ने अपने बड़े पिताजी मत्रम दास कोसरे को फोन कर बताया कि उसके लिए मोबाइल नहीं ले रहे हैं। घर से भाग जाने व अपने पापा को डबल खर्च करवा देने की बात कही। दूसरे दिन 24 अक्टूबर की सुबह छात्र स्कूल यूनिफार्म पहनकर स्कूल जाने साइकिल से बालोद के लिए निकल गया। छात्र गांव के बाहर नहर पुल के पास जाकर बैठ गया। इस दौरान दोस्तों ने उसके पिता को फोन करके भुनेश्वर द्वारा जहर सेवन कर लेने की जानकारी दी। परिजन छात्र को उपचार के लिए तत्काल बालोद के जिला अस्पताल ले गए। जहां से रिफर किए जाने पर छात्र को उपचार के लिए मसीही अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया। इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह छात्र की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



### बच्चों को समय दें : साइकोलॉजिस्ट

जिला अस्पताल के स्पर्श क्लिनिक में पदस्थ क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट प्रीति चाण्डक ने बताया कि बच्चों को सब्र करना सीखना चाहिए। नशे से दूर रहना चाहिए। खुद में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करनी चाहिए। क्षणिक आवेश में आकर आत्मघाती जैसे कदम नहीं उठाने चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि दुनिया में माता-पिता ही उनके सच्चे शुभचिंतक हैं। वहीं माता-पिता को भी 24 घंटे में कम से कम उन्हें आधा घंटा समय दें। उनसे बात करें। बच्चों की तुलना किसी और से न करें। बच्चों पर किसी प्रकार का दोषरोपण करने से बचें। पालकों को अपने बच्चों के फ्रेन्ड सर्कल व पढ़ाई की लगातार मॉनिटरिंग करनी चाहिए।

अर्जुनी व साइबर पुलिस की कार्रवाई

## ब्यारा में खड़ी पिकअप की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ब्यारा के दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर खड़ी पिकअप की चोरी कर फरार हुए आरोपी को अर्जुनी व साइबर सेल ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना के ग्राम परसुली निवासी यशवंत साहू पिता कृष्णकुमार ने 15 अक्टूबर की रात्रि अपनी पिकअप क्रमांक सीजी 04 जेसी 9441 को गांव के कृष्णा किराया भंडार के बाजू में स्थित ब्यारा में खड़ा किया था जिसकी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। पीड़ित की सूचना पर अर्जुनी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305/ए, 331/4 बीएमएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर अर्जुनी पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने आरोपी की तलाश शुरु कर दी।



पुलिस सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर के माध्यम से पतासाजी में जुट गई। इसी दौरान 24 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदेही मनीष सोनकर लालबगीचा निवासी को पकड़कर पूछताछ की। जिसमें संदेही ने 15 अक्टूबर की रात्रि अपनी एक्टिवा से क्रमांक सीजी 07 यूवाय 2151 से परसुली जाकर किराया भंडार के बाजू में स्थित ब्यारा का ताला तोड़कर भीतर खड़ी पिकअप की मास्टर चाबी से चोरी करना बताया। वहीं चोरी की पिकअप का नंबर प्लेट बदलना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक्टिवा व चोरी की पिकअप कुल कीमत 80 हजार रुपए को जप्त किया। पुलिस ने आरोपी मनीष सोनकर पिता उत्तम उम्र 22 वर्ष मूलनिवासी सांहड़ा चौक गुंडरदेही वर्तमान लालबगीचा निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी की गिरफ्तारी में अर्जुनी पुलिस व साइबर सेल का योगदान रहा।

## आदतन अपराधी को किया जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- एसपी की अनुशंसा पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

बीते कुछ वर्षों से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त शहर के एक और आदतन अपराधी पर जिला दंडाधिकारी ने जिलाबदर की कार्रवाई की है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नम्रता गांधी ने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर जिले के आदतन अपराधी मनीष साहू उर्फ मनी रोकड़ा उम्र 22 वर्ष देवांगन चौक हटकेशर वार्ड थाना सिटी कोतवाली निवासी को एक वर्ष के लिए जिलाबदर की कार्रवाई की है। धमतरी पुलिस द्वारा पूर्व में चार अन्य आदतन बदमाशों पर जिलाबदर की कार्रवाई की जा चुकी है। मनीष साहू उर्फ मनी रोकड़ा के खिलाफ विगत कुछ वर्षों से मारपीट, गुंडागर्दी, जान से मारने की धमकी देने, चोरी व आर्म्स एक्ट एवं अन्य अपराध पंजीबद्ध है। जिला दंडाधिकारी ने मनीष साहू को 21 अक्टूबर 2024 से आगामी एक वर्ष के लिए जिला धमतरी एवं समीपस्थ जिला बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग, कोंडागांव की सीमाओं से हट जाने, जिलाबदर का आदेश दिया है।



नौकरी करते हुए म.प्र. के जमाने में प्रथम बाडी बिल्डर स्पर्धा में पहला पुरस्कार जीता था

# अस्सी की उम्र में भी दिखते हैं जवान कृष्णाराव धांडे

दिलीप देवांगन ▶▶धमतरी

उम्र 80 साल, सामान्य कद काठी डीलडौल ऐसा कि 50, 60 साल के अधेड़ भी आयु में मात खा जाएं। जी, हम बात कर रहे हैं, मराठापारा निवासी कृष्णाराव धांडे की। जिन्होंने न्यायालय में नौकरी करते हुए मध्यप्रदेश के जमाने में रायपुर में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय शरीर सौष्ठव में धमतरी का नाम रौशन किया।

गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय बाडी बिल्डर हिरवानी दंपति नूतन रमेश हिरवानी ने अपने खेलगुरू श्री धांडे का शॉल और श्रीफल से सम्मान कर उनसे मिले अनुभव के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की।



मराठापारा निवासी कृष्णाराव धांडे का जन्म 12 अगस्त 1945 को हुआ। किशोरावस्था से ही व्यायाम के प्रति रूझान था। कृष्णाराव कहते हैं कि 1950 के समय में आधुनिक जिम सामग्री नहीं हुआ करती थी। डबल बार, सिंगल बार, रोमन रिंग आदि से ही व्यायाम होता था। 20 साल के उम्र में उसकी नौकरी रायपुर व्यवहार न्यायालय में लग गई। इसी दौरान उसकी मुलाकात जबलपुर व्यायाम शाला के बाबूलाल यादव से हुई। वह मिस्टर एमपी का खिताब जीत चुके थे। उनके आकर्षक डीलडौल ने उसे आकर्षित किया। न्यायालय के नौकरी में एक भी दिन छुट्टी नहीं लेते हुए उसने बाडी बिल्डर बनने के लिए खूब मेहनत की। सन 1970 में देशबंधु संघ द्वारा राज्य स्तरीय प्रथम शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उसने मध्यम कद के वर्ग में बाडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



अंतर्राष्ट्रीय बाडी बिल्डर रमेश हिरवानी ने बताया कि श्री धांडे का धमतरी में पोस्टिंग होने के दौरान उनसे मुलाकात हुई। उस समय उनका बाडी बिल्डर का शुरुआती दौर था। श्री धांडे से शरीर सौष्ठव व्यायाम सहित कई अनुभव मिला जिसका उसके इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिला। श्री धांडे से मिले अनुभव के लिए उन्होंने सम्मान कर धन्यवाद दिया है।

### जिंदगी की लड़ाई में भी मौत को दिया मात

कृष्णाराव धांडे 78 वर्ष के उम्र में भी कैंसर जैसे घातक बीमारी को मात दिया है। श्री धांडे बताते हैं कि 2022 में उसके गले में गांठ हुई। कोई भी नशापान नहीं करने के कारण उसे सामान्य गांठ लग रहा था। धमतरी के अस्तपाल में उपचार कराने के महीने दो महीने बाद कैंसर होने की जानकारी मिली। रायपुर स्थित बालको अस्पताल में इलाज कराकर कैंसर को मात दी।


हरिभूमि

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब की बिक्री करते युवक गिरफ्तार



**कुरुद।** कुरुद पुलिस ने नया बस स्टैंड के पीछे शराब भट्ठी के पास अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे सूर्यकांत उर्फ सूरज बैस पिता कृष्णकांत बैस उम्र 26 वर्ष बजरंग चौक कुर्मीपारा कुरुद को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के पानी पाउच के प्लास्टिक थैले के अंदर 14 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1260 रूपये एवं बिक्री रकम 1500 रूपये जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

## निधन

### कार्तिकराम साहू



**अंवरी।** ग्राम सेमरा (भखारा) निवासी कार्तिक साहू पिता कुशालराम साहू 49 वर्ष का बुधवार की रात्रि अस्वस्थता के चलते रायपुर के अस्पताल में निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुरुवार को मुक्तिधाम में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिवारजन एवं ग्रामीण शामिल हुए। वे सरल, सहज, मृदुभाषी, मिलनसार व्यक्ति थे।

### नारायण सिंह साहू



**नगरी।** ग्राम शिवपुर सिरसिदा निवासी नारायण सिंह साहू 90 वर्ष का निधन 24 अक्टूबर गुरुवार को हो गया। वे गोरखनाथ साहू एवं बलराम साहू के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में परिजनों के साथ ग्रामीण एवं क्षेत्र के सामाजिकजन शामिल हुए।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

जीवनदीप समिति ने स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं पर संतोष जताया

# अधिकारी-कर्मचारियों को अच्छे कार्य करने किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरूद

विकासखण्ड कुरुद अंतर्गत संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चटौद, सिर्री, नारी, परखंदा, जीजांमगाव, कचना एवं कोर्रा में संचालित जीवन दीप समिति की साधारण सभा के सदस्यों की बैठक जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा लोकनाथ साहू की अध्यक्षता एवं खंडचिकित्सा अधिकारी डॉ यूएस नवरत्न की उपस्थिति में हुई।

बीते 23 व 24 अक्टूबर को आहूत बैठक में समिति के सदस्यों ने समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। सभी संस्था के प्रभारी और स्टाफ को अच्छे कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। संस्था के प्रभारियों द्वारा चालू वर्ष के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत करते हुए पूर्व बैठक में अनुमोदित कार्यों की पूर्णता, अपूर्णता की जानकारी दी गई साथ ही आगामी माह अस्पताल संचालन हेतु होने वाले व्यय की कार्ययोजना बनाकर अनुमोदन लिया गया। सदस्यों द्वारा सभी स्वास्थ्य संस्था को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के



तहत नारी और चटौद जैसे पीएचसी, सिर्री, परखंदा, कचना को भाग लेने हेतु आवश्यक व्यय का अनुमोदन दिया गया साथ ही संस्थाओं में अस्पताल एवं कर्मचारियों की सुरक्षा हेतु सीसीटी वही सेटअप लगाने, पावर बैकअप हेतु इन्वर्टर, अस्पताल संचालन हेतु आवश्यक आकस्मिक दवाई, लैब सामग्रियों, सफाई सामग्री के व्यय अनुमोदन के साथ साथ कार्यरत अंशकालीन अस्थाई कर्मचारियों के मानदेय में आंशिक बढ़ोतरी कर प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

बैठक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ग्राम पंचायतों के सरपंच, डॉ नरेश कामड़े, रोहित पाण्डेय बीपीएम ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लाक नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ क्षितिज साहू, ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ राजेश भतपहरी, डॉ. युगलकिशोर साहू, ब्लाक नोडल अधिकारी असेसर डॉ. संजय साहू, डॉ अरविंद कश्यप, डॉ दिग्विजय सिंग, डॉ सुरेंद्र साहू, श्रीमती विभा साहू, श्रीमती ज्ञानेश्वरी साहू समेत मितानिन, आगनबाड़ी कार्यकर्ता व संस्था के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

रूट डायवर्ट के चलते मालवाहक वाहन नगरी-बोराई मार्ग में दौड़ रहे

# ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौत





हरिभूमि न्यूज ⏩ नगरी

गुरूवार को नगरी बोराई मार्ग में एक ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। ट्रक चालक ने बाइक चालक को करीब 20 फीट तक घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया। मौके पर ही बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। ज्ञात हो कि केशकाल घाट में सड़क निर्माण के चलते वाहनों का दबाव बोराई नगरी मार्ग पर बढ़ गया है जिससे सड़क जर्जर के साथ हादसे भी बढ़ रहे हैं।

बोराई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को बोराई की ओर से एक ट्रक गिट्टी पत्थर भरकर धमतरी की ओर जा रहा था। रूट डायवर्ट के चलते मालवाहक गाड़ियों का दबाव बढ़ गया है। वहीं नगरी की ओर से बाइक चालक बोराई की ओर जा रहा था। इस दौरान स्पीड से सामने की ओर से आ रहे ट्रक के चालक ने ढाल में ब्रेक फेल होने के चलते बाइक चालक को ठोक दिया। इससे बाइक चालक ट्रक के अंदर फंसा रहा। ट्रक लगभग बीस फीट बाइक चालक को घसीटते हुए जंगल के अंदर घुस गया। मौके पर ही बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक और ट्रेलर जंगल अंदर घुसा हुआ है। पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिये भेज दिया गया है।

ज्ञात हो कि मालवाहक गाड़ियों से केरेगांव से गट्टासिली घोटगांव सिहावा आने वाले मार्ग और दुगली से नगरी, हरदीभाटा सिहावा घटुला बोराई तक की सड़कों पर दबाव बढ़ा है। क्षेत्र की सड़कों की कंडीशन देखे तो भारी-भरकम ओव्हरलोड की गाड़ियों को सम्हाल पाना क्षेत्र की सड़कों के बस में नहीं है। यही कारण है कि जबसे यहां गाड़ियों का दबाव बढ़ा है तबसे सड़कों की स्थिति दयनीय हो गई है। जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। सड़कों पर उड़ रही धूल से ग्रामीणों का चलना मुश्किल हो गया है।

कातलबोड़ के एनएसएस शिविर में चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

# 50 शिविरार्थी और 30 ग्रामीणों ने कराई रक्त समूह की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 02 के तत्वावधान में ग्राम कातलबोड़ में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना और लोगों को आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करनी थी।



इस दौरान हेल्थ अवेयरनेस सेंटर से ममता साहू, हीरा चंद्राकर एवं विनीता साहू ने 50 शिविरार्थी और लगभग 30 ग्रामवासियों का रक्त समूह परीक्षण, बीपी, शुगर, सर्दी, खांसी , बुखार, त्वचा से संबंधित रोग की जांच की और उन्हें मुफ्त चिकित्सा परामर्श एवं दवाई वितरित की। एनएसएस स्वयंसेवकों ने शिविर में आने वाले मरीजों की सहायता की और ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी रेणु पाटले, श्रीमती सुनीता साहू, रमेश साहू, मोतीलाल साहू, हेमिन साहू व अन्य मौजूद रहे।

# नर्सिंग कालेज के छात्रों ने लिमतरा स्कूल में पोलियो जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

विश्व पोलियो दिवस पर नर्सिंग विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग एवं रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा धमतरी के विद्यार्थियों ने ग्राम लिमतरा में बैनर, पोस्टर के माध्यम से जागरूकता रैली निकाली, विद्यार्थियों ने पोलियो रोग के कारणों एवं इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही बताया की हर वर्ष 24 अक्टूबर को पोलियो टीकाकरण और पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से



विश्व पोलियो दिवस मनाया जाता है। पोलियो एक तेजी से संक्रमित होने वाली बीमारी है, जो ज्यादातर अल्प आयु के बच्चों को प्रभावित करती है। यह दिन पोलियो वैक्सीन की खोज करने वाले अमेरिकी वायरोलॉजिस्ट 'जोनास साल्क' को समर्पित है। यह जागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ जिसमें शिक्षक तराना सिंह, टोपेश्वर कँवर, देवेश साहू, कुलदीप साहू एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चेतना को आरबीआई पेंटिंग प्रतियोगिता में मिला पुरस्कार

- प्रतियोगिता में पूरे भारत से 71 आर्ट यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने लिया था भाग

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिर्री

एएएफटी यूनिवर्सिटी खरोरा रायपुर, स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स की बीएफए (पांचवें सेमेस्टर) की छात्रा ग्राम सिवनीकला निवासी चेतना गंजीर ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की 90वीं वर्षगांठ पर दिल्ली में 21 अक्टूबर को आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में मेरिटोरियस अवॉर्ड जीतकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता में चेतना ने न केवल 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार अपने नाम किया, बल्कि एएएफटी यूनिवर्सिटी के लिए एक डिजिटल डिवाइस भी जीता है। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से 71 आर्ट यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था जिसमें एएएफटी यूनिवर्सिटी खरोरा ने शीर्ष 15



कला अकादमिक संस्थानों में अपनी जगह बनाकर अपनी पहचान स्थापित की।

ग्राम सिवनीकला निवासी चेतना वर्तमान में एएएफटी यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स की पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में लगातार सफलता हासिल कर विश्वविद्यालय को गर्व महसूस कराया है। उनकी प्रारम्भिक पढ़ाई कुरुद स्थित सनराइज इंग्लिश मीडियम व सरस्वती शिशु मन्दिर नवापारा से हुई हैं। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स के एचओडी निखिल तिवारी का मार्गदर्शन रहा। चेतना ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरु निखिल तिवारी और अपने पिता नरेश गंजीर और मां सविता गंजीर को दिया है। छात्रा ने अपनी जीत पर कहा कि यह जीत मेरे गुरु और माता-पिता की प्रेरणा और आशीर्वाद का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि पर एएएफटी यूनिवर्सिटी परिवार सहित मित्रों, परिजनों, ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# गौरवशाली इतिहास समेटा हुआ है नारायणराव का जीवन : डॉ. चौबे

- कन्या महाविद्यालय में मनाई गई स्वतंत्रता सेनानी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

जिले में 1995 से संचालित शासकीय कन्या महाविद्यालय का नाम छत्तीसगढ़ के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. नारायणराव मेघावाले के नाम से रखा गया। उसकी जन्म जयंती पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. चन्द्रशेखर चौबे सेवानिवृत्त प्राचार्य पीजी कालेज धमतरी थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. विजय प्रकाश जैन थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सीएस चौबे ने कहा कि पं.






नारायणराव मेघावाले का जीवन गौरवशाली इतिहास को समेटा हुआ है। इनका वास्तविक नाम नारायणराव विट्ठल फडनवीज था। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में धमतरी जिले का नाम अग्रणी रहा है जिसमें एक नाम पं. नारायणराव मेघावाले का है। जिन्होंने देश की आजादी के लिए सर्वस्व योगदान दिया। प्राचार्य डॉ. डी.आर. चौधरी ने पं. नारायणराव की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिए इनका योगदान अमिट है। जन सेवा और राष्ट्र सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। धमतरी में सार्वजनिक गणेश उत्सव प्रारंभ, नगरी सिहावा में जंगल सत्याग्रह, गट्टासिल्ली में जंगल सत्याग्रह, कण्डेल नहर सत्याग्रह, रूद्री बेन्द्रानवागांव जंगल सत्याग्रह जैसे अनेक आंदोलनों में योगदान दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. जैन ने कहा कि पं. सुंदरलाल शर्मा, बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव, शोभाराम देवांगन, नत्थूजी जगताप जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों के साथ पं. नारायणराव ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन किया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रोहिणी मरकाम एवं आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक मधु माधव देव ने किया।

# जिले के 105 धान उपार्जन केन्द्रों में तैयारियां सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

- खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 : समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

प्रदेश सहित जिले में आगामी 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक समर्थन मूल्य में धान खरीदी किसानों से की जाएगी। धान खरीदी व्यवस्थित और बिना किसी दिक्कत के जिले के 105 उपार्जन केंद्रों में की जा सके, इसके लिए कलेक्टर नम्रता गांधी ने नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। साथ ही निर्देशित किया कि वे इन केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 105 धान उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं, इनमें धमतरी विकासखण्ड में 26, कुरूद में 36, मगरलोड में 18 और नगरी विकासखण्ड में 25 धान उपार्जन केन्द्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिले में पंजीकृत 1 लाख 26 हजार 176 किसान हैं।



कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का समतलीकरण, साफ सफाई, फेंसिंग, विद्युत व्यवस्था, कंप्यूटर सेट/प्रिंटर चालू हालत में हो, जनरेटर, यूपीएस/इंटरनेट की व्यवस्था, आर्द्रतामापी यंत्र, नाप तौल के लिए पर्याप्त कांटा-बांट, बारदाना सुतली, हमाल की उपलब्धता, तारपोलिन, चबूतरा, ड्रेनेज, टोकन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही हर उपार्जन केन्द्र में समर्थन मूल्य दर्शाते बैनर का प्रदर्शन करने कहा है। इस बार धान कॉन 2300 रुपये प्रति क्विंटल और धान ग्रेड ए' का समर्थन मूल्य 2320 रूपये प्रति क्विंटल है। इसका प्रदर्शन हर उपार्जन केन्द्र में बैनर पोस्टर में किया जाना है। कलेक्टर ने हर हाल में उपार्जन केन्द्रों में इन व्यवस्थाओं पर निगाह रखने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है।

इस खरीफ वर्ष में धान उपार्जन हेतु नये जूट बारदानों के साथ-साथ मिलर के पुराने बारदाने, पीडीएस बारदाने एवं एचडीपीई/पीपी बारदानों का धान खरीदी में उपयोग करना है। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र में इस वर्ष के लिए बने कार्ययोजना के आधार पर प्रति दिवस लगने वाले नये एवं पुराने बारदानों का आकलन कर धान उपार्जन हेतु बारदानों की व्यस्था करने कहा है। धान उपार्जन के लिए जिला विपणन अधिकारी कार्यालय में नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था की गई है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07722-232808 है।

## पीजी कॉलेज में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर हुई संगोष्ठी

# आदिवासियों के इतिहास, धरोहर पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन व प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया एवं कार्यक्रम की संयोजक डॉ. हेमवती ठाकुर के मार्गदर्शन में जनजातीय समाज की गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जीआर राणा पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग छग शासन थे। अध्यक्षता नरेन्द्र रोहरा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कालेज ने की। मुख्य वक्ता विकास मरकाम



अध्यक्ष भाजपा अजजा मोर्चा एवं विशिष्ट अतिथि जेएल ध्रुव अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, महेश रावटे कार्यकारी अध्यक्ष सर्वआदिवासी समाज, डॉ.एआर ठाकुर, विजय साहू, सुभाष चंद्राकर, मन्नम राणा थे।

मुख्य अतिथि श्री राणा ने आदिवासियों के इतिहास, धरोहर, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान, संवैधानिक अधिकारों पर प्रकाश डाला। नरेन्द्र रोहरा ने आदिवासियों की दिनचर्या से व्यापारी वर्ग को भी शिक्षा लेने की बात कही। मुख्य वक्ता श्री मरकाम ने शहीद गुण्डाधुर, वीरनारायण सिंह, बिरसा मुण्डा के बलिदान से प्रेरणा लेने की बात कही। विशिष्ट अतिथि श्री ध्रुव ने भी आदिवासी संस्कृति से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। महेश रावटे ने आदिवासियों के भारतीय इतिहास में मूल निवासी के रूप में किए गए आधुनिक शोध के संबंध में बताया। इस दौरान आदिवासी वेशभूषा पर रैम्प वाक, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई। डॉ. हेमवती ठाकुर ने जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत को बताया। मंच संचालन वारूणी यदु ने किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने आभार व्यक्त किया। मौके पर कृष्ण कुमार देवांगन, जितेन्द्र मानकर, दिनेश्वर सलाम सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

**Pride of Dhamtari**




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### जिला सलाहकार समिति की बैठक 4 नवंबर को

**महासमुंद।** गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (पीसी-पीएनडीटी एक्ट) लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994 की धारा (17) अंतर्गत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक 4 नवंबर 2024 को दोपहर 12 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय महासमुंद में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया ने समिति के सदस्यों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### महिला से पति ने की मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ उसके पति द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थिया संतोषी दास ने बताया कि 24 अक्टूबर को करीब 2.30 बजे सलूजा के मकान गुरुद्वारा पारा बसना से काम करके वापस अपने माता-पिता के घर वार्ड नं 12 अरेकेलडीपा बसना जा रही थी, तभी सिटी ग्राउंड गढपटनी बसना के रास्ते में पीपल के पेड़ के पास मेरा पति मुकेश दास मिला और घरेलू बातों को लेकर तथा मुझ पर चरित्र शक करते हुए गालियां देते हुए हाथ मुक्के से मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी के खिलाफ 115 (2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना और पिथौरा थाना क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर घटनास्थल तिलकपुर से खम्हन जाने वाले रोड किनारे ग्राम तिलकपुर में आरोपी नारायण चौहान पिता इन्दल चौहान (27 साल) तिलकपुर के कब्जे से एक सफेद रंग के पांच लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरकीन में भरी कुल 03 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं पिथौरा पुलिस ने आरोपी रत्थुराम कमार पिता ईश्वर कमार (57 साल) निवासी कमारडेरा भिथीडीह के कब्जे से 10 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया ।

### घर से नकदी, आभूषण और मोबाइल पार

**महासमुंद।** अज्ञात चोर ने बुधवार रात घर से नकदी, आभूषण और मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331(4) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम कसडोल निवासी सुभाष मेहेर ने थाने में शिकायत की है कि 23 अक्टूबर की रात लगभग 10 बजे वह भोजन करने के बाद सो रहा था। रात लगभग 2 बजे पेशाब करने उठा तो घर का दरवाजा खुला हुआ था। घर में चोरी की आशंका से पेटियों को देखा तो नहीं थी, आस-पास खोजने पर पेटी नहीं मिली। अज्ञात ने पेटी सहित नकदी 49.900 रुपए व सोने का हार लगभग 07 ग्राम (कीमत लगभग 40 हजार रुपए) तथा बिस्तर से 2 नग मोबाइल (कीमत लगभग 8 हजार रुपए) पार कर दी।

### मनमाना किराया वसूली, सौ से ज्यादा बस संचालकों पर जुर्माना

**रायपुर।** लंबी के साथ कम दूरी के बस संचालकों द्वारा तय किराया भाड़ा से ज्यादा किराया वसूली की लगातार शिकायत मिलने पर परिवाहन विभाग बस ऑपरेटरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। बावजूद इसके बस ऑपरेटर बसों में किराया भाड़ा सूची चस्पा करने के साथ मनमाना किराया वसूली कर रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए रायपुर जिला परिवहन विभाग के अफसरों ने एक अक्टूबर से 24 अक्टूबर के बीच अभियान चलाकर 131 बस ऑपरेटरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक लाख 29 हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की है।

रूद्री में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# खेलकूद में महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दम







हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिलास्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रूद्री स्थित खेल मैदान में किया गया। इस अवसर पर 9 से 18 और 18 से 35 वर्ष तक की आयु वर्ग की महिला खिलाड़ियों ने हॉकी, रस्साकसी, फुटबॉल, व्हॉलीबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, बास्केटबॉल आदि प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। साथ ही नगरनिगम महापौर विजय देवांगन, रामू रोहरा, जिपं अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, सदस्य खूबलाल ध्रुव, कलेक्टर नम्रता गांधी, प्रदेश उपाध्यक्ष कुश्ती संघ लक्ष्मण साहू, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती बी.एक्का, जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

हॉकी प्रतियोगिता 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम नगरी (सलोनी) की टीम, रस्साकसी प्रतियोगिता 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम कुरूद (चरमुड़िया), द्वितीय मगरलोड (करेली बड़ी), 18 से 35 वर्ष में नगरी (घुरावड़) और द्वितीय धमतरी (डोड़की) की टीम रही। इसी तरह फुटबॉल 9 से 18 आयु में प्रथम धमतरी, द्वितीय कुरूद, व्हॉलीबॉल 9 से 18 में प्रथम धमतरी, द्वितीय मगरलोड (सरगी) की टीम, 18 से 35 में प्रथम नगरी (डोंगरडुला), द्वितीय धमतरी (पीजी कॉलेज), खो-खो 9 से 18 में प्रथम नगरी, द्वितीय धमतरी, 18 से 35 में प्रथम धमतरी, द्वितीय कुरूद, एथलेटिक्स, 100 मीटर दौड़ 9 से 18 वर्ष आयु में प्रथम कविता यादव धमतरी और द्वितीय देविका यादव मगरलोड, 18 से 35 में प्रथम चन्द्रकला धमतरी और द्वितीय नूरजहां मगरलोड रही। एथलेटिक्स 400 मीटर दौड़ 9 से 18 वर्ष में प्रथम देविका ध्रुव मगरलोड, द्वितीय रागिनी धमतरी, 18 से 35 में ललिता नगरी प्रथम, सोमलता कंवर मगरलोड द्वितीय स्थान पर रहीं।

तवाफेंक में 9 से 18 में प्रथम रूपाली धमतरी, द्वितीय हेमलता मगरलोड, 18 से 35 में प्रथम पूर्णिमा नेताम नगरी, द्वितीय दामिनी साहू मगरलोड, बैडमिंटन सिंगल में 9 से 18 में प्रथम एकस्वी ध्रुव धमतरी, द्वितीय अदिति यादव कुरूद, 18 से 35 में प्रथम नूरजहां मगरलोड, बैंडमिंटन डबल में 9 से 18 में प्रथम फुलेश्वरी और भावना मण्डावी नगरी, द्वितीय डोमेश्वरी साहू और पायल निषाद कुरूद, 18 से 35 में प्रथम नर्गिस, सोनिया साहू मगरलोड की टीम रही। इसी तरह कुश्ती प्रतियोगिता वजन 50 किग्राम में 9 से 18 वर्ष में प्रथम पायल नेताम धमतरी, द्वितीय भारती साहू मगरलोड, 18 से 35 वर्ष में प्रथम मोनिका भोयर धमतरी, द्वितीय उमा साहू मगरलोड, कुश्ती वजन 53 किग्रा. 9 से 18 में प्रथम हेमू पटेल धमतरी, द्वितीय लेसमणी मगरलोड, 18 से 35 वर्ष में प्रथम वेदकुमारी धमतरी और द्वितीय यामिनी निषाद मगरलोड रहीं। वेटलिफ्टिंग 49 किग्रा 9 से 18 आयु प्रथम ओजल साहू धमतरी, बॉस्केटबाल 9 से 18 वर्ष प्रथम कुरूद और द्वितीय धमतरी तथा 18 से 35 वर्ष आयु में प्रथम कुरूद तथा द्वितीय धमतरी की टीम रहीं।



## ड्राइवर आयोग के गठन सहित तीन सूत्रीय मांगों पर की आवाज बुलंद

- छग ड्राइवर महासंगठन ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री एवं जिलाध्यक्ष अनूप मानिकपुरी, उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, नोहरसिंग साहू, सोमनाथ साहू, राजकुमार सोरी, महेश मंडावी, नूरेंद्र मिश्रा ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि उनका संगठन राज्यस्तरीय संस्था है जिसके माध्यम से ड्राइवरों के हित, अधिकार, सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं।

शासन के समक्ष उनकी तीन मांगें हैं जिसमें ड्राइवर आयोग का निर्माण, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड का गठन तथा 1 सितंबर को राष्ट्रीय ड्राइवर दिवस घोषित की जाए।

### मांग पूरी नहीं होने पर हड़ताल की दी चेतावनी

महासंगठन ने कहा है कि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय परिवहन मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री को मांगों की प्रतिलिपि भेजी गई है। शासन द्वारा 30 मई 2025 तक उनकी मांगें पूर्ण नहीं की जाती है तो 15 जून 2025 से समस्त ड्राइवर अनिश्चितकाल के लिए स्टेयरिंग छोड़ देंगे।

## ऑनलाइन फ्रॉड पर बैंक जन जागरण अभियान चलाए: ठाकुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक ने सीनियर सिटीजन एवं प्रेऑरिटी कस्टमर के साथ दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया। आयोजनकर्ता बैंक प्रबंधक श्रीमती पिंकी सोनी, नीलिमा, सिमरन थे। कार्यक्रम में ग्राहकों को बैंक के लेनदेन, ब्याज दर के लाभ और नए बीमा के विषय में जानकारी दी गई। बैंकिंग सेक्टर में आने वाली समस्याओं और उनके निराकरण के उपाय भी बताए। कार्यक्रम के अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के रिटायर्ड प्रबन्धक श्री सेन एवं समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर, देवेन्द्र मिश्रा थे। इस अवसर पर दीपक सिंह ने कहा कि बैंक को ग्राहकों को बैंकिंग सुविधाओं के साथ-साथ आयकर सम्बन्धी जानकारी भी देनी चाहिए। ऑनलाइन फ्रॉड के विषय में जनजागरण का कार्य करना चाहिए। इस दौरान ग्राहकों को गेम्स भी खिलाए गए।

## शासकीय राशि से शिव मंदिर निर्माण का आरोप

- कोर्रा में तालाब के बीचोबीच बनाया गया है मंदिर
- ग्रामीण जल्द करेंगे कलेक्टर - सीईओ से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम-कोर्रा (भखारा) में तालाब के बीचोबीच 24 पिल्लर से शिव मंदिर बनाया गया है। भगवान शिव की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा 21 अक्टूबर को मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के आतिथ्य में की गई। अब इस शिव मंदिर निर्माण पर ग्रामीणों ने सरपंच पर शासकीय मद की राशि लगाने व दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच ने पहले गांव में देवी-देवताओं की पूजा नहीं होती थी, लोग पूजा कार्यों में रुचि नहीं दिखाते थे कहा है। इस पर पूर्व उपसरपंच टीकाराम साहू ने सरपंच की इस शब्दावली को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ग्रामवासी पहले भी पूरी आस्था और विश्वास के साथ भगवान और प्रकृति संरचनाओं की पूजा करते हुए आ रहे हैं। नवनिर्मित शिव मंदिर का कैलाश मानसरोवर नाम बिना किसी प्रस्ताव के दिया गया। भारत में केवल एक ही जगह कैलाश मानसरोवर है। उसके नाम से पुनः नामकरण करना कैलाश मानसरोवर भगवान का अपमान है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य कोर्रा निवासी अशोक साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत कोर्रा द्वारा अन्य मद की शासकीय राशि को दूसरे कार्यों में खर्च किया गया। गार्डन और नहर रोड पिंचिंग की राशि को मंदिर निर्माण में खर्च किया गया है। यह बात जियोटेक करने वाले मनरेगा मेट बता रहे हैं।

ग्रामीण कमलानारायण साहू का कहना है कि मंदिर बनाने वाले कारीगर राजधानी रायपुर से लगे गांव कचना के थे। लेकिन उसे राजस्थान का बताकर झूठा प्रचार किया गया। कथा वाचिका कल्पना पांडेय ग्राम मेघा की है। उसे वाराणसी का बताया गया। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में लोक गायिका अल्का चंद्राकर का भी मंचीय कार्यक्रम केवल फेकोलॉजी साबित हुआ। ग्रामीणों ने आगे कहा कि शिव मंदिर निर्माण संबंधित विषयों को लेकर एक लिखित शिकायत सहायक विकासखण्ड अधिकारी, सीईओ, कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत धमतरी से जल्द करेंगे।

### लगाए गए आरोप निराधार और तथ्यहीन : सरपंच

इस संबंध में सरपंच चोवाराम साहू ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार और तथ्यहीन हैं। राजनीतिक द्वेष के चलते उल्टा सीधा आरोप लगा रहे हैं। मुझ पर लगाए गए आरोप पूरी तरह से गलत है।

## सहकारी समिति संघ ने विस अध्यक्ष, वित्तमंत्री से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी(धमतरी)

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन के द्वारा 24 अक्टूबर को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से रायपुर के बंगले पहुंचकर लंबित 3 मांगों को लेकर भेंटकर विस्तृत चर्चा किया गया। साथ ही ओपी चौधरी वित्त मंत्री एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के ओएसडी श्री कांडे सर से भी भेंट किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद मिश्रा जांजगीर चांपा, रामलाल साहू गरियाबंद एवं प्रदेश सलाहकार प्रमोद यादव गरियाबंद, प्रदेश कार्यालय सचिव जय सपहा रायपुर, भानू प्रताप साहू आदि पदाधिकारी गण उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू द्वारा दिया गया।

### बोड़रा में तीन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**धमतरी।** ग्राम बोड़रा (सम्बलपुर) विधायक ओंकार साहू ने 21 लाख के तीन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। यादव भवन के प्रथम तल में सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के लिए भवन निर्माण, उपस्वास्थ्य केंद्र से लोमस घर तक सीसी रोड का निर्माण होगा। मौके पर ओंकार साहू ने कहा कि क्षेत्र का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इन आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और महतारियों की देखभाल, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा से जुड़े काम होते हैं।

## नत्थूजी जगताप स्कूल में शहीदों की शहादत को किया नमन





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस स्मृति शहीद दिवस पर शासकीय नत्थूजी जगताप नगर पालिका उमावि में शहीदों की शहादत को नमन किया गया। विद्यालय प्रांगण अमर शहीदों के नारों से गूंज उठा। ज्ञात हो कि आरक्षक भूषण मंडावी किरंदुल में पदस्थ थे। आरक्षक नोहरू राम बीजापुर बस्तर में पदस्थ थे। रामेश्वर ध्रुव गीदम जगलदपुर पदस्थ थे। सर्चिंग के दौरान पुलिस नक्सली मुठभेड़ में अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद हो गए। ये तीनों शहीद जवान शासकीय नत्थूजी जगताप नपाउमावि के छात्र थे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. श्रीमती अन्नपूर्णा सिन्हा समेत स्कूल स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सहाड़ादेव परिसर को संवारने जुटा यादव समाज



**धमतरी।** सोरिद वार्ड में यादव बन्धुओं की दीपावली त्योहार की तैयारी शुरू हो गई है। अलसुबह सामाजिकजन सहाड़ा देव परिसर को संवारने प्रतिदिन श्रमदान कर रहे हैं। इस साल भी सोरिद वार्ड में यादव समाज द्वारा दीपावली उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कोसरिया एवं झेरिया यादव समाज के तत्वावधान में गोवर्धन पूजा और भाईदूज मातर उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। बागतराई रोड में शीतला माता मंदिर के सामने स्थित सहाड़ा देव स्थल की साफ-सफाई कर संवारने सामाजिकजन जुटे हैं। इस मौके पर भगवान कृष्ण की शोभायात्रा, राउत नाचा के अलावा स्कूली विद्यार्थियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं
मॉड्युलर किचन
आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## छत्तीसगढ़ के पेंशनरों के लिए दीपावली फीकी

- महंगाई राहत से वंचित, इनकम टैक्स की कटौती से पेंशनर परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ के पेंशनरों के लिए महंगाई राहत हेतु आदेश जारी नहीं होने से पेंशनर परेशान हैं। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री एवं सचिव वित्त विभाग को ज्ञापन सौंपकर दीपावली के पहले 1 जनवरी से 1 प्रतिशत एवं 1 जुलाई से 3 प्रतिशत महंगाई राहत देने का निवेदन किया गया है। लिखित में ज्ञापन देकर कहा गया है कि यदि दीपावली के पूर्व आदेश नहीं हुआ तो 5 नवम्बर को पेंशनर मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के सामने प्रदर्शन करेंगे।

प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि पेंशनरों को मिलने वाले पेंशन माह अप्रैल 2024 से प्रतिमाह 20 प्रतिशत पेंशन की राशि टीडीएस के माप से प्रतिमाह कटौती, बिना सूचना दिए की जा रही है। जबकि पेंशन जीवन भर की गई शासकीय सेवा के बदले, शासन जीवन निर्वाह के लिए निर्धारित करती है। अतः पेंशन कोई आय नहीं है। दुर्भाग्य तो यह है कि पेंशन के साथ सरकार महंगाई राहत का भुगतान कर रही है। राहत की राशि को भी जोड़कर आयकर कटौती पेंशन प्रदायकर्ता बैंकों द्वारा की जा रही है जिन पेंशनरों को मात्र 36 हजार रूपये पेंशनर दी जा रही है एवं वर्ष भर में मात्र 4 लाख 33 हजार रूपये उन पेंशनर से भी 51680 रूपये कटौती हो रही है। यह पेंशनरों के साथ जबरदस्ती वसूली बैंक कर रहे हैं।

इस संबंध में रिजर्व बैंक आफ इंडिया, छत्तीसगढ़ के बैंकिंग लोकपाल से लिखित में शिकायत की गई थी। पेंशन प्रदायकर्ता बैंक से शिकायत यह कहकर वापस हो गई है कि आरबीआई को सूचित कर दी गई है। जिस पर पेंशनर को लिखित जानकारी प्राप्त हुई कि शिकायत वापसी के कारण प्रकरण खारिज कर दी गई जबकि शिकायत आरबीआई को की गई थी। पेंशनर रिजर्व बैंक आफ इंडिया के पास दोबारा गया ही नहीं है। नियमित कर्मचारी एवं अधिकारियों जिनका प्रतिमाह वेतन 80 से 90 हजार तक उनका भी आयकर के नाम से टीडीएस के नाम से प्रतिमाह वेतन में कटौती नहीं हो रही है। पेंशन प्रदायकर्ता बैंकों की मनमानी, अक्टूबर 2024 के पेंशन से आयकर कटौती बंद नहीं की गई तो 5 नवम्बर को पेंशनर मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर के समक्ष कटौती बंद कराने प्रदर्शन करेंगे। छग शासन के वित्तमंत्री को लिखित ज्ञापन सौंपा जा चुका है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने की कुम्हारों से सामान खरीदने की अपील



**धमतरी।** दीपावली पर्व की कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिलेवासियों को अपनी शुभाकमनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस दीपावली पर्व पर हम अपने साथ-साथ कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीये, लक्ष्मी की मूर्ति खरीदकर उनकी भी दीपावली खुशहाली से भर दें। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि कुम्हारों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की ज्यादा से ज्यादा खरीदी करें और अपने साथ-साथ उनकी भी दीपावली को रोशनी से भर दें।

### नेता प्रतिपक्ष, पार्षद ने निर्माणाधीन संत गाडगे बाबा चौक का किया निरीक्षण



**धमतरी।** रामसागर पारा में निर्माणाधीन संत गाडगे चौक का नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा और पार्षद श्यामा साहू ने निरीक्षण किया। चौक का निर्माण संत गाडगे के समाज सुधारक कार्यों की याद को चिरस्थायी बनाने के लिए किया जा रहा है। गाडगे बाबा ने अपने जीवन में स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक समानता को बढ़ावा दिया था। उनके विचारों को आगे बढ़ाने के लिए यह चौक एक प्रतीक के रूप में कार्य करेगा।निरीक्षण के दौरान नेता प्रतिपक्ष श्री रोहरा ने कहा कि संत गाडगे बाबा चौक का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यह स्थान एक महत्वपूर्ण धरोहर और प्रेरणा का स्रोत बनेगा। पार्षद श्यामा साहू ने कहा कि चौक का निर्माण न केवल क्षेत्र के सौंदर्यीकरण का हिस्सा है, बल्कि संत गाडगे बाबा के सामाजिक कार्यों की प्रेरणा को भी दर्शाता है।

### पटेल समाज का भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पटेल समाज का भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यादव, नंदनी पटेल, सरस्वती मूर्ति, अन्नपूर्णा निर्मलकर, द्रोणाचार्य साहू, राजेंद्र निर्मलकर, विनोद गहरवाल, भुनेश्वर साहू, कुंदन प्रजापति, रजऊ जलक्षत्री, समाज प्रमुख जनक पटेल, झाड़ू राम पटेल, मनोज पटेल, केशव पटेल, लखन पटेल, संतोष पटेल, शिव पटेल, रामू पटेल, लक्ष्मण पटेल, धन्नु पटेल, चेतन पटेल, डोमार पटेल आदि मौजूद रहे।

### युवा अधिवक्ता देवेंद्र शर्मा, प्रदीप को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त

**सरायपाली।** नगर के दो अधिवक्ता देवेंद्र शर्मा को एनडीपीएस व प्रदीप प्रधान को इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के लिए शासन की ओर से पैरवी किए जाने के लिए विधि विभाग द्वारा जारी एक आदेश के तहत विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त किया गया है। इस संबंध में विधि विधायी कार्य विभाग मंत्रालय रायपुर से जारी आदेश के तहत वरिष्ठ अधिवक्ता क्रमशः देवेंद्र शर्मा को स्थापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 (एनडीपीएस) के अंतर्गत राज्य शासन की ओर से न्यायालयों में पैरवी किये जाने के लिए विशेष लोक अभियोजक हेतु आदेश जारी किया गया है। अधिवक्ता प्रदीप कुमार प्रधान को विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट विशेष न्यायालयों सरायपाली के लिए इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत राज्य शासन की ओर से पैरवी किए जाने हेतु विशेष लोक अभियोजक नियुक्त

## लोग हाथोंहाथ खरीद रहे देशी व स्थानीय उत्पाद

# स्वदेशी सामानों की बिक्री बढ़ी चायना आयटम का हुआ बायकाट



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दीपावली त्योहार महज 5 दिन शेष है। बाजार में खरीदी करने वालों की भीड़ बढ़ने लगी है। पुष्य नक्षत्र से बाजार में आई बहार भाई दूज तक तक रहेगी। बता दें कि कुछ वर्ष से लोग स्वदेश में निर्मित सामानों की खूब खरीदारी कर रहे हैं। विदेशी समानों के बायकाट से स्थानीय लोगों को भरपूर रोजगार मिल रहा है। उनके उत्पाद हाथोंहाथ खरीदे जा रहे हैं। मातृभूमि का प्यार लोगों में दिख रहा है। मेक इन इंडिया पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। इस बार आर्टिफिशियल सामान, चायना दीये, मोमबत्ती, लाइट, दीपक की तुलना में मिट्टी से बने लक्ष्मी, गणेश, कुबेर, ग्वालिन की प्रतिमा, मिट्टी के दीये, कलश, कलोरी, धूपदान, पूजन, सामग्री की खूब बिक्री हो रही है। चायनीज सामानों की बिक्री कुछ वर्षों से नहीं हो रही है इसलिए व्यवसायी भी चायना आयटम नहीं रख रहे हैं। लोगों का रूझान अब स्वदेश में निर्मित सामानों की ओर है। कुंभकार परिवार द्वारा इस निर्मित मिट्टी के उत्पाद खूब खरीदे जा रहे हैं।

### स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार

खरीदी करने बाजार पहुंचे शिवाजी साहू, जागेश्वर देवांगन, भानुमति देवांगन, जितेश साहू, मोनिका साहू ने बताया कि चीन, भारत के विवाद का असर भारतीयों पर पड़ा हैं। पहले सुंदर और सस्ता होने के कारण लोग चायना आयटम खूब पसंद करते थे लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। देशी उत्पाद की ओर लोगों का रूझान है। देश प्रेम की भावना होने के कारण स्थानीय लोग निर्मित मिट्टी के उत्पाद खरीद रहे हैं। इससे इनकी भी दिवाली अच्छी होगी। स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

### विदेशी सामानों की बिक्री में 60 प्रतिशत गिरावट

शिक्षक अमर बनपेला का कहना है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विदेशी सामानों के बहिष्कार का आव्हान वायरल होने के बाद लोग भारतीय उत्पाद खरीदना पसंद कर रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि विदेशी सामानों की बिक्री में 60 प्रतिशत तक गिरावट आई है। व्यापारियों व फुटकर व्यवसायियों ने भी बाहर के सामानों को बेचने में कोई उत्साह नहीं दिखा रहे हैं। व्यापारी भी मेक इन इंडिया के पक्ष पर हैं। लोग अपना घर सजाने मिट्टी के दीये, देशी लाइट, मिट्टी और प्लास्टिक से बनी सजावटी सामान, मिट्टी की मूर्तियां आदि खरीदने में लगे हैं। एक आंकड़े के मुताबिक इस दिवाली पर चीन को 50 हजार करोड़ रूपये का झटका लगने वाला है।

### स्वेच्छा से लोग बिना मोलभाव के सामान खरीद रहे

घड़ी चौक के पास मिट्टी के उत्पाद बेच रहे कमल कुंभकर, लक्ष्मी कुंभकार, गगन कुंभकार, रमली कुंभकार आदि ने बताया कि कुछ वर्षों से उनका रोजगार अच्छा चल रहा है। लोग स्वेच्छा से मिट्टी के उत्पाद खरीद रहे हैं। पहले लोगों को चिल्लाकर बुलाना पड़ता था, अब स्वेच्छा से लोग बिना मोलभाव के सामान खरीदते हैं। व्यापार करना अब अच्छा लग रहा है। मिट्टी के दीये 20 रूपये दर्जन, डिजाइन वाले दीये 5 रूपये, 10 रूपये, 20 रूपये प्रति नग, कलसात्र, कलोरी, धूपदान 20, 30 एवं 40 रूपये, ग्वालहन प्रतिमा 50 रूपये, लक्ष्मी गणेश मिट्टी की प्रतिमा 100 से लेकर 500 रूपये तक है। दीपावली के सप्ताह भर पूर्व खरीदी शुरू हो गई है।


## शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे सीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छग के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर मुख्यमंत्री निवास में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम की उपस्थिति में भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने सीएम से पदोन्नति में आरक्षण, स्थानीय भर्ती सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सीएम ने 24 नवंबर को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आने की स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष आरएन ध्रुव, नकुल चंद्रवंशी प्रांतीय महासचिव, ललित मोहन भगत प्रांतीय कोषाध्यक्ष, आरसी ध्रुव, श्रीराम मरकाम, एसपी ध्रुव, कमलेश ध्रुव, सुरेश पैकरा, मनमोहन सिंह गोंड, भागसिंह ठाकुर, श्रवण ठाकुर, रामप्रसाद नेताम, टामेश्वर ठाकुर, अकत ध्रुव, सोमेश पात्र, संदीप पैकरा, शिवप्रसाद ध्रुव उपस्थित थे।

## हिंदू जागरण मंच की जिला कार्यकारिणी का विस्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हिंदू जागरण मंच ने अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। प्रांत संयोजक अवधेश दुबे, प्रांत संगठन राजेश भार्गव के निर्देशन तथा वरिष्ठ समाजसेवी मोहन लाल साहू, आलोक महावर प्रांत संपर्क प्रमुख आयाम, जिला पर्यावरण संयोजक भेदू साहू की उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नवीन दायित्व प्रदान किया गया। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक प्रवीण साहू, सहसंयोजक प्रतीक सोनी, पुरुषोत्तम निषाद एवं जिला कार्यकारिणी एलके साहू, कुमार सिन्हा, आशीष शर्मा, भोला साहू, श्रीमती चंद्रकला साहू महिला आयाम, सुनील सोलंके, सौरभ मिश्रा, गजानंद मीनपाल को नवीन दायित्व दिया गया। मौके पर हेमचरण, शिवा, उमेश साहू, अर्पित बैसवाड़ा, रत्नम सोनी, जनेंद्र शर्मा, निखिल देवदास, नोवल कुमार सिन्हा, युगेश्वर साहू, महेंद्र कुमार, नागेन्द्र साहू, पिंकेश्वर साहू, टीकम निषाद समेत अनेक युवा मौजूद रहे।

## नर्सिंग विद्यार्थियों ने मनाई दीपावली



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग लिमतरा के नर्सिंग विद्यार्थियों ने दीपावली अवकाश में जाने के पूर्व महाविद्यालय में दीपावली पर्व मनाया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य संजयकुमार लाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर दीपावली पर्व के सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्त्व के बारे में बताया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रांगण में आकर्षक रंगोली बनाकर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं स्टाफ उपस्थित थे।

## लक्ष्मी पूजा के लिए कमल फूल की एडवांस बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दीपावली पर्व में लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व है। लक्ष्मी जी का पूजन कमल फूल के बिना अधूरा माना जाता है। कमल फूल की बढ़ती मांग और खेतों में फूलों की कमी के कारण अभी से इसकी एडवांस बुकिंग शुरु हो गई है।

हटकेशर-रत्नाबांधा क्षेत्र में ढेंस की खेती करने वाले संतराम ठाकुर, मुकेश साहू, हेमंत ने बताया कि इस साल कमल फूल की उपज कम है। अनेक खेतों में अभी भी ढेंस फसल निकालकर साफ सफाई की जा रही है। गत वर्ष 10 रुपए प्रति नग फूल बिका था। इस साल लोग एडवांस में एक नग फूल के लिए 20 रुपये देने को तैयार है, लेकिन उपज की कमी के कारण एडवांस नहीं ले रहे हैं।

मराठापारा के कृष्णकुमार रणसिंह बताते हैं कि हर साल उन्हें लक्ष्मी पूजा के लिए 108 फूल की जरूरत पड़ती है। ढेंस खेतों में फूल की कमी के कारण कोई भी किसान एडवांस लेने को तैयार नहीं है।



शार्टेज के कारण इस बार 20 रुपए में बिकेगा फूल

### इस साल दुर्ग जाने की नौबत नहीं

ढेंस फसल लेने वाले किसान रानी मीनपाल ने बताया कि गत वर्ष धमतरी में 10 रुपए में कमल फूल मिल रहा था जबकि दुर्ग के बाजार में इसकी कीमत 20 रूपए रहती है। वे हर साल सैकड़ों कमल फूल लेकर दुर्ग के बाजार जाते थे। इस साल फूल की शार्टेज और अधिक डिमांड होने से धमतरी में ही 20 रुपए में कमल फूल की मांग हो रही है। अब उन्हें दुर्ग जाना नहीं पड़ेगा।

## बीजेपी सरकार ने स्वसहायता समूह का काम छीना : ओंकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने मथुराडीह में 5 लाख के महिला मण्डल सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि निरंतर क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। मथुराडीह को विकास की राह देने में यहां की नारी शक्ति महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आगे कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तो गौठान समिति के माध्यम से 2 किलो में गोबर और 4 किलो में गोमूत्र खरीदकर गांव की महिलाओं को जैविक खाद बनाने के लिए सौंप दिया जा रहा था। स्वसहायता समूह की महिलाएं जैविक खाद बेचकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही थीं। महिलाएं गोबर से पेंट बनाने का भी काम कर रही थीं। ये काम अब बीजेपी सरकार में बंद हो गए हैं। बीजेपी सरकार ने महिलाओं के हाथ से रोजगार छीनने का काम किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घनश्याम साहू ने कहा कि धमतरी विधानसभा में विधायक द्वारा विकास कार्य की गंगा बहाई जा रही है। क्षेत्र की समस्याओं को सदन में प्रबलता से रखकर निराकरण की मांग कर रहे हैं। मौके पर आकाश गोलछा अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, जोन अध्यक्ष जीवराखन देवांगन, सरपंच परमेश्वर देवांगन, उपसरपंच सुदीप नेताम, रुपसिंग नेताम, जोहित नेताम, नारद नेताम, विष्णु यादव, नंदूराम नेताम, कृष्ण मरकाम, ललित कुमार, धनेश्वरी ध्रुव, भगवती देवांगन, सेवती नेताम, रामचंद्र नेताम समेत में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वृद्धाश्रम रुद्री में दीपावली मिलन व सत्संग का हुआ आयोजन

# त्योहार जीवन में सुख समृद्धि के साथ खुशियां लेकर आता है : भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वृद्धाश्रम रुद्री में दीपावली मिलन समारोह के साथ संगीतमय प्रवचन का कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान भगवताचार्या देवी भूमिका ने कहा कि दीपावली का त्योहार जीवन में सुख समृद्धि के साथ हजारों खुशियां लेकर आता है। इन महत्वपूर्ण त्योहार में वृद्धों का परिवार में होना बहुत जरूरी है। उनके आशीर्वाद से ही हर त्योहार में रौनक आती है।

आगे कहा कि मुझे अंहकारी और घमंडी लोग अच्छे नहीं लगते जहां ईमान बिक जाए वो बाजार अच्छे नहीं लगते, जहां माता पिता का सम्मान न हो वह त्योहार अच्छे नहीं लगते। आगे बताया कि सत्संग का मिलना दुर्लभ है। सत्संग का अर्थ होता है सत्य का संग जो आज नहीं बचा है। जिसकी वजह से आज समाज में अपराध हो रहे हैं। इन अपराधों को रोकने के लिए लोगों में संस्कार की आवश्यकता है।





जलाराम जान यज्ञ वृद्धाश्रम समिति के संचालक लक्खुभाई ने कथावाचिका का शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। गजानंद साहू ने देवी भूमिका सेवा ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की। अवनेंद्र साहू जिला अध्यक्ष साहू समाज ने कहा कि समाज में ऐसे कार्यों का होना बहुत जरूरी है ताकि लोगों में संस्कार आए और वातावरण शुद्ध व स्वच्छ हो सके। मौके पर कार्यक्रम संयोजक त्रिभुवन लाल साहू, श्री खालसा, निलेश साहू समेत अन्य मौजूद थे।

## होल्कर के जन्म शताब्दी पर हुई संगोष्ठी

**धमतरी।** नूतन हाईस्कूल सिहावा चौक में महारानी अहिल्याबाई होल्कर के जन्म शताब्दी के अवसर पर 300 बच्चों के बीच संगोष्ठी, निबंध, लघु नाटिका एवं महारानी अहिल्या होलकर ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का इलाज

## मकई गार्डन में शराब बेचते आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी।** कोतवाली पुलिस ने रेड मारकर मकई गार्डन परिसर में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी को 42 पौवा अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अवैध शराब, जुआ, सट्टा के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने सूचना मिलने पर मकई गार्डन परिसर में रेड की कार्रवाई की। यहां छोटू उर्फ चुरामन बंजारे अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा था। पुलिस ने आरोपी छोटू उर्फ चुरामन बंजारे पिता रामप्रसाद उम्र 36 वर्ष गौरव चौक मकेश्वर वार्ड निवासी को शराब की बिक्री करते रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 42 पौवा देशी प्लेन व मसाला शराब कीमत 4 हजार 340 रूपए व बिक्री रकम 3 हजार 130 रुपए कुल 7 हजार 470 रुपए जब्त की गई है। आरोपी छोटू उर्फ चुरामन बंजारे के खिलाफ धारा 34/2/ख आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।







## किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# गौ वंदन योजना शुरु करने की लगाई गुहार

- किसान संघ ने 11 सूत्रीय मांगों पर आवाज बुलंद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय किसान संघ छग प्रदेश ने किसानों के विभिन्न मुद्दों को लेकर 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

संघ ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को दिए ज्ञापन में कहा है कि प्रदेश में गौ वंदन योजना लागू कर गौमाता के पोषण, संवर्धन तथा गाय गौपालकों को प्रतिमाह 1000 रुपये का अनुदान, जहरमुक्त खेती के बदले जैविक खेती को बढ़ावा,




धान का समर्थन मूल्य 3100 में केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाई की राशि को जोड़कर देने, पूर्ववर्ती सरकार की किसान न्याय योजना की लंबित चौथी किस्त का तत्काल भुगतान करने, धान खरीदी 1 नवंबर से शुरु करने, रूकी हुई सिंचाई परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने, नवीन परियोजनाओं के लिए समिति का गठन, शासकीय स्वीकृति प्राप्त पैरी उच्च बांध परियोजना का क्रियान्वयन करने, ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफर खराब होने पर तीन दिनों में बदलने, फसल क्षतिपूर्ति आरबीसी 6/4 के तहत आपदा राशि की अधिकतम सीमा पूर्व की तरह 25 एकड़ करने, राजस्व संबंधी विषयों का निराकरण समय-सीमा में करने, किसान की अकाल मृत्यु पर 10 लाख रूपए का मुआवजा देने की मांग की।

संघ ने आगे कहा कि बैंकों में कृषि ऋण प्राप्त खातेदार की मौत होने पर बिना ऋण अदा किए एनओसी नहीं दी जा जाती है, जिसके कारण हजारों किसान सोसाइटी में पंजीयन से वंचित हो रहे हैं। ऋण अदायगी बिना बैंकों को एनओसी देने का निर्देश, राष्ट्रीयकृत बैंकों से खरीफ ऋण चुकाए बिना रबी उन्हारी फसल के लिए ऋण दिलाने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में भारतीय किसान संघ धमतरी के संरक्षक ललित सिन्हा, ब्लाक अध्यक्ष विनय साहू, महिला प्रांत प्रमुख ज्योति साहू, व्यासनारायण साहू, हजारी साहू, जागेश्वर साहू, पूरण साहू, बेनीराम साहू, शिवनारायण साहू, जनकराम साहू मौजूद थे।

